उपायुक्त का न्यायालय, कोडरमा

विविध वाद संख्या– 02/2015

मेसर्स कोडरमा केमिकल प्रा0 लि0 बनाम झारखण्ड राज्य।

आदेश

आवेदक मेसर्स कोडरमा केमिकल प्रा0 लि0 अधिकृत प्रतिनिधि निदेशक श्री खीरू साव, 54/3C देवेन्द्र चन्द्र दे रोड, टेंगरा,कोलकत्ता द्वारा विविध दायर किया गया है। आवेदक द्वारा निम्न भूमि का रसीद वर्ष 2010–11 से निर्गत किये जाने का आदेश पारित करने का अनुरोध किया गया है:–

मौजा	थाना	वर्त्तमानपता	जिला	खाता नं0	प्लॉट नं0	रकवा
कैलाखण्डहर	मरकच्चो	नवलशाही	कोडरमा	16	19	5.77 ए0
कैलाखण्डहर	मरकच्चो	नवलशाही	कोडरमा	02	20	4.07 ए0
कैलाखण्डहर	मरकच्चो	नवलशाही	कोडरमा	02	21	0.61 ए0
कैलाखण्डहर	मरकच्चो	नवलशाही	कोडरमा	02	22	2.02 ए0
कैलाखण्डहर	मरकच्चो	नवलशाही	कोडरमा	02	34	4.98 ए0
कैलाखण्डहर	मरकच्चो	नवलशाही	कोडरमा	63	208	4.68 ए0
					कुल	22.13 ए0

जमीन जो विक्रय संख्या 6417 दिनांक 24.10.2008 द्वारा श्रीमती रुकमनी देवी सुखानी पति प्रताप चन्द्र सुखानी के मुख्तारनामा / पावर ऑफ अटार्नी श्रीमती वीणा मोहता पति एस0 के0 मोहता से खरीद कर दखलकार हैं, का रसीद वर्ष 2011–12 से निर्गत किए जाने का आदेश पारित करने का अनुरोध किया गया है। आवेदन पत्र में यह लिखा गया है कि अंचल अधिकारी, मरकच्चो द्वारा पूर्ण जांचोपरान्त नामांतरणा वाद संख्या–1224/2008–09 दिनांक 28.01.2009 द्वारा शुद्धि पत्र निर्गत करते हुए आवेदक के पक्ष में सरकारी मालगुजारी रसीद 2010–11 तक निर्गत की गई है।

आवेदक दिनांक 25.08.2015 से 22.12.2015 तक (10 तिथियों) लगातार अनुपस्थित रहने के कारण दिनांक 07.01.2016 को अंतिम मौका दिया गया था किन्तु उक्त तिथि के बाद भी 06 तिथियों तक लगातार आवेदक अनुपस्थित चले आ रहे है जिससे स्पष्ट होता है कि बारंबार मौका देने के बावजूद आवेदक अनुपस्थित है। इस वाद में आवेदक को कोई विशेष अभिरूचि नहीं है।

अतः इस वाद को खारिज किया जाता है।

लेखापित एवं संशोधित

उपायुक्त,कोडरमा

उपायुक्त
कोडरमा

Scanned with CamScanner